मुख्यमंत्री सचिवालय

....

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 16/08/2025

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति --494/2025
16 अगस्त 2025
नेमरा, गोला, रामगढ़
==========================

★ स्मृति शेष-राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी के "संस्कार भोज" में सम्मिलित हुए तेलंगाना के मुख्यमंत्री श्री रेवंत रेड्डी।
===========================

★ श्री रेवंत रेड्डी ने मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की।
==========================

तेलंगाना के मुख्यमंत्री श्री रेवंत रेड्डी आज नेमरा, रामगढ़ स्थित मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के पैतृक आवास पहुंचे। श्री रेवंत रेड्डी यहां स्मृति शेष-राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी के "संस्कार भोज" में सम्मिलित हुए। उन्होंने स्मृति शेष-गुरुजी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा मुख्यमंत्री एवं उनके पारिवारिक सदस्यों से मुलाकात कर गहरी संवेदनाएं व्यक्त की।

==========================

#Team PRD(CMO)